साहस सच दिखाने का

भारत दर्शन

सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर

www.bharatdarshannews.com



संस्थापक : कर्मयोगी श्री मुखी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 का आयोजन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Monday,28 February , 2022)

Ballabgarh News, 28 February 2022 (bharatdartshannews.com) : दिनांक 28 फरवरी 2022 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 मनाया गया। वर्तमान महीने के दौरान विज्ञान आधारित स्लोग नराइटिंग, क्विज, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, वर्किंग मॉडल प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए आज,"सरसीवीरमन:एक भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता"विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोफेसर एस.के.चक्रवर्ती, विजिटिंग एडवाइजर मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च (MRIIRS), फरीदाबाद मुख्य वक्ता थे। रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ पूनम आनंद ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का दर्शकों से परिचय कराया। प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत ने भौतिकवादी ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के समग्र विकास के लिये मूल्य आधारित शिक्षा आवश्यक है। प्रोफेसर एस.के.चक्रवर्ती ने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में डॉ सी.वी.रमन के जीवन, इतिहास और कार्य के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को रमन प्रभाव और इसके अनुप्रयोगों और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अनुसंधान में गहरी रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में विकसित हो रही नई तकनीकों के बारे में जागरूक किया। इस सत्र में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। समन्वयक डॉ.मीनू अग्रवाल ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम सचिव, डॉ संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम के समापन सत्र में धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर डॉ.के.एल.कौशिक, गणित विभागाध्यक्ष, डॉ.देवेंद्र, विज्ञान फोरम के सदस्य,सुश्री प्रिया अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, डॉ भूपेन्द्र, श्री चंदर अत्री, सुश्री मानसी त्यागी, सुश्री पूनम गुप्ता और कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।